**भारत सरकार**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. *730 जिसका उत्तर

**शुक्रवार, 07 फरवरी, 2025/18 माघ, 1946 (शक)** को दिया जाना है

**भारत में पत्तनों की कनेक्टिविटी**

**† 730. श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी :**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में पत्तनों (मुख्य / लघु) की औद्योगिक कॉरिडोर/जोन एवं विशेष आर्थिक जोन (एसईजेड) के साथ कनेक्टिविटी के संबंध में हाल में कोई सर्वेक्षण / अध्ययन किया है;

(ख) यदि हां, तो उन पत्तनों (मुख्य/लघु) की राज्यवार और आंध्र प्रदेश में जिलावार सूची क्या है, जिन्हें देश के उक्त क्षेत्रों/जोन के साथ निम्न कनेक्टिविटी वाले बंदरगाहों के रूप में चिह्नित किया गया है;

(ग) देशभर में पत्तनों को उक्त क्षेत्रों/जोन के साथ समुचित कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए प्रस्तावित, कार्यान्वित की जा रही और वर्तमान में निर्मित की जा रही परियोजनाओं का राज्यवार और आंध्र प्रदेश के बापतला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित जिलावार ब्यौरा क्या है; और

(घ) देशभर में उक्त क्षेत्रों/जोन से पत्तनों की कनेक्टिविटी को बढ़ाने के उद्देश्य से आबंटित, जारी और उपयोग की गई निधियों की राज्यवार और बापतला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित आंध्र प्रदेश की जिलावार कुल राशि क्या है?

**उत्तर**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**

**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क) और (ख)**: पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा 'औद्योगिक नोड्स से पत्तनों की संपर्कता' पर एक रिपोर्ट तैयार की गई है, जिसमें राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकास और कार्यान्वयन न्यास (एनआईसीडीआईटी) के अंतर्गत विभिन्न औद्योगिक कॉरीडोर के अंतर्गत सभी मौजूदा और भावी नोड्स की तुलना में समुद्र पत्तनों की संपर्कता का आकलन और अंतराल का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट में एनआईसीडीआईटी के तहत सभी औद्योगिक नोड्स में 62 नए सड़क और रेल अवसंरचना के अंतरालों की पहचान की गई है। आंध्र प्रदेश राज्य में पत्तनों और औद्योगिक नोड्स की सूची, जहां सड़क / रेल अवसंरचना में अंतराल की पहचान की गई है, संलग्न है। **[अनुबंध-I]**

**(ग) और (घ)**: सागरमाला कार्यक्रम का एक उद्देश्य समग्र लॉजिस्टिक लागत को कम करने के लिए बेहतर पत्तन संपर्कता, पत्तनों और उनके संबंधित पश्चक्षेत्रों के बीच कार्गो की कुशल आवाजाही है। सागरमाला कार्यक्रम में पत्तन संपर्कता का एक समर्पित स्तंभ है जिसमें पत्तनों की अंतिम छोर और उसके तुरंत बाद के पश्चक्षेत्र से संपर्कता पर फोकस किया गया है। मंत्रालय ने सागरमाला कार्यक्रम के पत्तन संपर्कता स्तंभ के तहत देश भर में लगभग 2 लाख करोड़ रु. की 266 परियोजनाओं की पहचान की है। इन परियोजनाओं को सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, रेल मंत्रालय, महापत्तनों और अन्य केंद्रीय/राज्य एजेंसियों द्वारा कार्यान्वित किया जाना है। सागरमाला कार्यक्रम के तहत पत्तन संपर्कता परियोजनाओं का आंध्र प्रदेश राज्य सहित राज्यवार विवरण संलग्न है। **[अनुबंध-II]**

सागरमाला योजना के अंतर्गत, मंत्रालय ने पत्तन संपर्कता स्तंभ के तहत तटीय राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में 1259 करोड़ रु. से अधिक की 17 परियोजनाओं का आंशिक वित्त पोषण किया है। सागरमाला योजना के पत्तन संपर्कता स्तंभ के तहत आंध्र प्रदेश राज्य में जारी की गई निधियों सहित परियोजनाओं का विवरण संलग्न है। **[अनुबंध-III]**

**अनुबंध-I**

| क्र. सं. | पत्तन का नाम | औद्योगिक कॉरीडोर | राज्य | जिला |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **रेल संपर्कता:**<br>• कृष्णापट्टनम पत्तन<br>• कामराजार पोर्ट लिमिटेड<br>• विशाखापट्टणम पत्तन प्राधिकरण<br>• चेन्नै पत्तन<br>**सड़क संपर्कता:**<br>• कृष्णापट्टनम पत्तन | सीबीआईसी के अंतर्गत कृष्णापट्टनम औद्योगिक क्षेत्र (2,006 एकड़) | आंध्र प्रदेश | नेल्लोर |
| 2 | **रेल संपर्कता:**<br>• कृष्णापट्टनम पत्तन<br>• कामराजार पोर्ट लिमिटेड<br>• विशाखापट्टणम पत्तन प्राधिकरण<br>• चेन्नै पत्तन | वीसीआईसी के अंतर्गत कोप्पर्थी (5,760 एकड़) | आंध्र प्रदेश | कडपा |
| 3 | **रेल संपर्कता:**<br>• कृष्णापट्टनम पत्तन<br>• कामराजार पोर्ट लिमिटेड<br>• विशाखापट्टणम पत्तन प्राधिकरण<br>• चेन्नै पत्तन | वीसीआईसी के अंतर्गत चित्तूर (8967 एकड़) | आंध्र प्रदेश | चित्तूर |
| 4 | **रेल संपर्कता:**<br>• विशाखापट्टणम पत्तन प्राधिकरण<br>• गंगावरम पत्तन<br>• काकीनाडा पत्तन<br>**सड़क संपर्कता:**<br>• विशाखापट्टणम पत्तन प्राधिकरण<br>• काकीनाडा पत्तन | वीसीआईसी के अंतर्गत नक्कापल्ली (4318.63 एकड़) नोड | आंध्र प्रदेश | अनकापल्ली |
| 5 | **रेल संपर्कता:**<br>• कृष्णापट्टनम पत्तन<br>• कामराजार पोर्ट लिमिटेड<br>• चेन्नै पत्तन | एचबीआईसी के तहत ओर्वाकल (9305 एकड़)। | आंध्र प्रदेश | कुरनूल |

अनुबंध- ।।

| क्र. सं. | राज्य | पूरी की गई | | कार्यान्वयनाधीन | | विकासाधीन | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | # | लागत (करोड़ रु.) | # | लागत (करोड़ रु.) | # | लागत (करोड़ रु.) |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 16 | 9312 | 21 | 33341 | 17 | 11116 |
| 2. | असम | | | | | 4 | 251 |
| 3. | बिहार | | | | | 1 | 125 |
| 4. | गोवा | 5 | 85 | 3 | 3609 | 1 | 1332 |
| 5. | गुजरात | 8 | 8049 | 2 | 1153 | 22 | 11317 |
| 6. | झारखंड | | | | | 1 | 38 |
| 7. | कर्नाटक | 4 | 388 | 5 | 2487 | 18 | 4267 |
| 8. | केरल | 4 | 4700 | 2 | 1426 | 16 | 5070 |
| 9. | महाराष्ट्र | 10 | 5328 | 5 | 3709 | 24 | 24811 |
| 10. | ओडिशा | 11 | 13801 | 8 | 8735 | 8 | 11744 |
| 11. | पुदुच्चेरी | 1 | 3081 | 1 | 1549 | | |
| 12. | तमिलनाडु | 16 | 3724 | 5 | 10956 | 8 | 3972 |
| 13. | तेलंगाना | | | | | 1 | 25 |
| 14. | उत्तर प्रदेश | | | | | 1 | 45 |
| 15. | पश्चिम बंगाल | 10 | 3770 | 1 | 14 | 6 | 5703 |

**अनुबंध- III**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | राज्य | लागत ( करोड़ रु) | संस्वीकृत निधियाँ (करोड़ रु) | जारी की गई निधि (करोड़ रु) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कॉन्वेंट जंक्शन- विशाखापट्टणम पत्तन को पार करते हुए एच-7 क्षेत्र से पत्तन संपर्कता सड़क तक ग्रेड सेपरेटर का निर्माण | आंध्र प्रदेश | 46.34 | 23.17 | 21.99 |
| 2. | एनएच-5 तक पत्तन सड़क संपर्कता को 2 से 4 लेन का बनाना - चरण II | आंध्र प्रदेश | 77.00 | 20.00 | 20.00 |
| 3. | मुरगाँव में ब्रेक बल्क कार्गो की सुगम आवाजाही के लिए सड़क प्रचलन योजना | गोवा | 34.00 | 17.00 | 15.30 |
| 4. | मुरगाँव में 30 मीटर चौड़ी पक्के सड़क वाली पूर्ण रेक वैगन हैंडलिंग लाइन | गोवा | 18.00 | 8.82 | 8.82 |
| 5. | 30 मीटर पक्के सड़क के साथ दूसरा पूर्ण रेक हैंडलिंग लाइन आरडी 8ए | गोवा | 7.83 | 3.91 | 3.91 |
| 6. | एमपीटी रेलवे यार्ड बैना में अप-रैंप का निर्माण | गोवा | 26.13 | 13.07 | 11.76 |
| 7. | बर्थ 5, 6, 7, 8 और 9 को नई प्रवेश / निकास सड़क से जोड़ने वाली 12 मीटर चौड़ी कंक्रीट सड़क का निर्माण | गोवा | 11.52 | 5.76 | 5.76 |
| 8. | मुरगाँव पत्तन के लिए रा.राजमार्ग 17 तक 4 लेन सड़क संपर्कता का शेष भाग | गोवा | 546 | 60 | 60 |
| 9. | खरवदेश्वरी जेट्टी तक पहुंच मार्ग का निर्माण | महाराष्ट्र | 15.00 | 7.50 | 7.50 |
| 10. | कोरामपल्लम सरप्लस कोर्स ब्रिज और रेल ओवर ब्रिज-आरओबी को चौड़ा करने का निर्माण कार्य जिसमें पश्चिमी सीमा से टीटीपीएस तक सड़क का चौडीकरण शामिल है। | तमिलनाडु | 42.00 | 20.00 | 20.00 |
| 11 | विवेकानंद रॉक से तिरुवल्लुवर प्रतिमा तक पर्यटकों के सुरक्षित परिवहन के लिए आधुनिक | तमिलनाडु | 31.05 | 15.53 | 12.42 |

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | राज्य | लागत ( करोड़ रु) | संस्वीकृत निधियाँ (करोड़ रु) | जारी की गई निधि (करोड़ रु) |
|---|---|---|---|---|---|
| | एलिवेटेड स्टील पुल | | | | |
| 12. | केओपीटी में रानीचक लेवल क्रॉसिंग पर आरओबी सह फ्लाईओवर | पश्चिम बंगाल | 127.80 | 50.00 | 50.00 |
| 13. | केओपीटी में व्यापार और पत्तन उपयोगकर्ताओं की सुविधा के लिए सड़क संपर्कता में सुधार | पश्चिम बंगाल | 15.00 | 7.50 | 6.76 |
| 14 . | केओपीटी के ईजेसी यार्ड में ट्रैक 10-12-14-16-18-19-20-21- 22 और 23 का उन्नयन | पश्चिम बंगाल | 47.00 | 14.00 | 14.00 |
| 15. | कोलकाता डॉक प्रणाली में मौजूदा रेल नेटवर्क का उन्नयन | पश्चिम बंगाल | 9.00 | 4.00 | 4.00 |
| 16. | दुर्गाचक टेक ऑफ प्वाइंट से एचडीसी पर दुर्गाचक स्थित 'ए' केबिन तक दूसरी रेलवे लाइन | पश्चिम बंगाल | 117.00 | 20.00 | 20.00 |
| 17. | केओपीटी, चरण-2में व्यापार और पत्तन उपयोगकर्ताओं की सुविधा के लिए सड़क संपर्कता में सुधार | पश्चिम बंगाल | 88.00 | 20.00 | 18.00 |

*****